el vc LokoyEch g|

& l|eu e|.Mk

,d çf'k{k.kkFkh d lQyrk dh dgkuh mldh t|ckuh

मैं, सुमन मुण्डा सरना टोली, हतमा, राँची, झारखण्ड की रहने वाली हूँ। मेरे पिता एतवा मुण्डा माली का काम करते हैं। माँ डुग्गी देवी रेजा का काम करती हैं। मेरा एक छोटा भाई है, जो हाई स्कूल पास कर पढ़ाई छोड़ चुका और मेरी एक छोटी बहन 10+2 कर रही है। आय का और कोई दूसरा स्रोत नहीं है। घर का खर्च बड़ी मुश्किल से चल पाता है। घर की बड़ी सन्तान होने के नाते मेरा भी यह दायित्व बनता है कि मैं भी कुछ कमा कर परिवार की आय बढ़ाऊँ। मुझे अपनी एक सहेली से जन शिक्षण संस्थान राँची में चलाये जा रहे व्यावसायिक प्रशिक्षण के विषय में जानकारी मिली। चूँकि मैं कक्षा 9 तक ही पढ़ी हूँ इसलिए मैंने सोचा कि यदि मैं कोई हाथ का हुनर सीख लेती हूँ तो उससे कुछ कमा सकती हूँ। यह सोचकर मैंने जन शिक्षण संस्थान द्वारा चलाये जा रहे सत्र 2013 के ड्रेस डिजाइनिंग के कोर्स में अपना नामांकन कराया था अब मेरा प्रशिक्षण पूरा हो गया है।

वर्तमान में मुझे झारक्राफ्ट से तसर की साड़ी पर कथा–स्टिचिंग का काम मिला हुआ है। मुझे एक साड़ी पर कढ़ाई का 1900/– रुपया मिलता है। महीने में मैं दो साड़ियों पर स्टिचिंग का काम कर लेती हूँ और इस प्रकार 3800/– रुपया महीना कमा लेती हूँ।